## मुख्य पूछताछ हॉटलाइन्स / Major Enquiry Hotlines

### समाज कल्याण विभाग / Social Welfare Department

| | |
|---|---|
| हॉटलाइन / Hotline | 2343 2255 |
| फैक्स नंबर / Fax | 2838 0114 |
| पूछताछ ईमेल / Enquiry Email | swdenq@swd.gov.hk |
| होमपेज / Homepage | http://www.swd.gov.hk |

### परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई / Family and Child Protective Services Unit

| | |
|---|---|
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (मध्य पश्चिमी, दक्षिणी और द्वीप समूह) Family and Child Protective Services Unit ( Central Western, Southern and Islands ) | 2835 2733 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (पूर्वी और वांचाई) Family and Child Protective Services Unit ( Eastern and Wanchai ) | 2231 5859 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (कुन टोंग) Family and Child Protective Services Unit ( Kwun Tong ) | 3586 3741 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (वोंग ताई सिन और साई कुंगों) Family and Child Protective Services Unit ( Wong Tai Sin and Sai Kung ) | 3188 3563 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (शम शुई पो) Family and Child Protective Services Unit ( Sham Shui Po ) | 2247 5373 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (कॉव्लुन शहर और याउ सिम मोंग) Family and Child Protective Services Unit ( Kowloon City and Yau Tsim Mong ) | 3583 3254 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (शैटिन) Family and Child Protective Services Unit ( Shatin ) | 2158 6680 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (ताई पो और उत्तर) Family and Child Protective Services Unit ( Tai Po and North ) | 3183 9323 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (तुएन मुन) Family and Child Protective Services Unit ( Tuen Mun ) | 2618 5710 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (त्सुएन वान और क्वाई सिंग) Family and Child Protective Services Unit ( Tsuen Wan and Kwai Tsing ) | 2940 7350 |
| परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाई (यूएन लोंग) Family and Child Protective Services Unit ( Yuen Long ) | 2445 4224 |

### संकट सहायता केंद्र / Crisis Support Centres

| | |
|---|---|
| CEASE संकट केंद्र हॉटलाइन / CEASE Crisis Centre Hotline | 18 281 |
| पारिवारिक संकट सहायता केंद्र हॉटलाइन / Family Crisis Support Centre Hotline | 18 288 |

### अन्य / Others

| | |
|---|---|
| हांगकांग पुलिस बल – एमरजेंसी हॉटलाइन / Hong Kong Police Force - Emergency Hotline | 999 |
| कानूनी सहायता विभाग – हॉटलाइन / Legal Aid Department - Hotline | 2537 7677 |
| पुरुषों के लिए 24-घंटे की परिवार और अंतरंग साथी सम्बंधी हॉटलाइन / 24-hour Family and Intimate Partner Relationship Hotline for Men | 2890 1830 |
| हार्मनी हाउस – पुरुष हॉटलाइन / Harmony House - MAN Hotline | 2295 1386 |

**बाल दुर्व्यवहार, पति-पत्नी / जीवनसाथी द्वारा मारपीट और यौन हिंसा के पीड़ितों के सहयोग के लिए वेबसाइट**
**Website on Support for Victims of Child Abuse, Spouse / Cohabitant Battering and Sexual Violence**

https://www.swd.gov.hk/vs/

जनवरी 2021 • July 2021

परिचय • Introduction

## केवल आप ही पीड़ित पुरुष नहीं हैं / You are not the only male victim

हांगकांग में पति-पत्नी/जीवनसाथी से मारपीट के मामलों के पिछले आँकड़ों के अनुसार, छः में से एक मामले में पीड़ित पुरुष ही है। न केवल महिलायें बल्कि सभी सामाजिक स्तर के पुरुष अंतरंग साथियों द्वारा हिंसा से पीड़ित हो सकते हैं, जिसमें शारीरिक हिंसा, मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार और यहाँ तक कि यौन हिंसा भी शामिल है।

According to the past statistics on spouse / cohabitant battering cases in Hong Kong, there are one out of six cases involving male victims. Not only women but also men from all walks of life may be suffering from violence by their intimate partners, which involves physical violence, psychological abuse and even sexual violence.



## आप सक्रिय रूप से समाधान पाने के लिए मजबूत हैं / You are strong to actively look for solutions


शायद आप इस समय मदद लेने में संकोच कर रहे हों, फिर भी, लगातार घरेलू हिंसा से परिवार में सभी को बहुत नुकसान होगा। हिंसक कृत्यों में धीरज रखना कभी भी पारिवारिक समस्याओं का समाधान नहीं है, बल्कि परिस्थितियों को और बदतर बना सकता है। अगर आप अंतरंग साथी द्वारा हिंसक समस्याओं का सामना करते हैं, तो कृपया अपने आप को दोष न दें और न ही धीरज रखें। अपनी, अपने साथी और परिवार के सदस्यों की भलाई के लिए, कृपया मदद के लिए तुरंत विशेषज्ञों से संपर्क करें। सामाजिक कार्यकर्ताओं की सहायता पाने के लिए आप पुलिस से, समाज सेवकों से संपर्क कर सकते हैं या समाज कल्याण विभाग (SWD) की हॉटलाइन <2343 2255> पर फोन कर सकते हैं।




You are probably hesitate to seek help at this moment, yet, persistent domestic violence will bring tremendous harm to everyone in the family. Endurance in violent acts is never a solution to family problems but making the situations worse instead. If you face intimate partner violence problems, please don't blame yourself or stay with patience. For the well-being of you, your partner and family members, please contact professionals for help immediately. You can contact police, social workers or dial the Hotline 〈2343 2255〉 of Social Welfare Department (SWD) for seeking social worker's assistance.

**शुरुआत में ही अपने और अपने साथी के लिए सहायता पायें।**
**अपने रिश्तों को बेहतर बनाने का अच्छा मौका पायें !**
**Seeking help early for yourself and your partner.**
**Grasp good chance to improve your relationships!**

# शुरुआत में ही सहायता लें और घरेलू हिंसा को रोकें
# Seek Help Early and Stop Domestic Violence !



## पीड़ित पुरुषों के लिए सेवाएं
## Services for Male Victims

Hindi ( 印度語 ) / India ( 印度 ) and English Version

社會福利署
Social Welfare Department

## त्रस्त पुरुषों को कहाँ से सेवायें सेवाएं मलि सकती हैं? / Where can battered men receive services?

हांगकांग में, SWD, गैर-सरकारी संगठन (NGOs), पुलिस और कानूनी सहायता विभाग या समाज सेवा एजेंसियों, आदि द्वारा पीड़ितों (उनकी उम्र, लिंग, यौन अभिविन्यास और जातीय भेद आदि के बिना), दोषी और / या मारपीट के मामलों वाले पति-पत्नी / जीवनसाथी के पारिवारिक सदस्यों को सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान की जाती है। यदि आप पति-पत्नी / जीवनसाथी द्वारा मारपीट के मामले के पीड़ित हैं, तो निम्नलिखित इकाइयाँ आपकी और आपके परिवार की विभिन्न सेवाओं में मदद करेंगी:

In Hong Kong, a series of services are provided by SWD, non-governmental organisations (NGOs), the Police and the Legal Aid Department or social services agencies, etc. to victims (regardless of their age, gender, sexual orientation and ethnicity, etc.), perpetrators and / or family members of spouse / cohabitant battering cases. If you are victim of spouse / cohabitant battering case, the following units will help you and your family with various services:

## सहायता सेवाएं / Support Services

### हॉटलाइन सेवाएं / Hotline Services

आप सम्बंधित कल्याणकारी सेवाओं के बारे में जानकारी पाने और समय पर सामाजिक कार्यकर्ताओं से सलाह/सहायता प्राप्त करने के लिए SWD की हॉटलाइन सेवा <2343 2255> का उपयोग कर सकते हैं। SWD हॉटलाइन 24-घंटे की इंटरैक्टिव वॉयस प्रतिक्रिया प्रणाली के माध्यम से कॉल करने वालों को वॉयस मैसेज या फेसमाइल (फैक्स) ट्रांसमिशन के रूप में कल्याणकारी सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करती है। परामर्श, सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए और जरूरतमंद लोगों के लिए उचित सहायक सेवाओं की व्यवस्था करने के लिए SWD हॉटलाइन पर सामाजिक कार्यकर्ता सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक, और शनिवार को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक कार्यरत रहते हैं। उपरोक्त कार्य-घंटों के अलावा (सार्वजनिक छुट्टियों समेत), फोन करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं से सहायता के लिए तुंग वाह ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित हॉटलाइन और आउटरीचिंग सर्विस टीम को अपनी कॉल ट्रांसफर करना चुन सकते हैं। वे रिकॉर्डिंग मशीन पर अपना मैसेज छोड़ सकते हैं या पुलिस से सहायता ले सकते हैं।

You can make use of SWD Hotline Service 〈2343 2255〉to obtain information on related welfare services and timely advice / assistance from social workers. SWD Hotline provides information on welfare services in the form of voice messages or facsimile transmission to callers through a 24-hour interactive voice response system. SWD Hotline social workers are on duty from 9:00 am to 5:00 pm on Mondays to Fridays, and from 9:00 am to 12:00 noon on Saturdays to provide counselling, support and advice and arrange appropriate follow up services for those in-need. Outside the aforesaid duty hours (including public holidays), callers can choose to transfer their calls to the Hotline and Outreaching Service Team operated by Tung Wah Group of Hospitals for assistance from social workers. They may also leave their message on the recording machine or seek assistance from the police.

## परिवार और बाल संरक्षण सेवाओं की इकाइयाँ / Family and Child Protective Services Units

SWD की पारिवारिक और बाल संरक्षण सेवा की इकाइयाँ (FCPSUs) अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित विशिष्ट इकाइयाँ हैं जो पीड़ितों, दोषियों और/या बाल दुराचार मामलों के परिवारों और पति-पत्नी/जीवनसाथी द्वारा मारपीट के मामलों के लिए सेवाओं की एक श्रृंखला प्रस्तुत करती हहै। मामलों की जरूरतों के आधार पर, सामाजिक कार्यकर्ता आउटरीचिंग, सामाजिक विवेचन, संकट हस्तक्षेप, मामले के अनुसार परामर्श और सामूहिक उपचार आदि प्रदान करेंगे। यह अदालती आदेशों के अनुसार बच्चों को वैधानिक देखरेख भी प्रदान करता है। आवश्यकता होने पर, इनके लिए, वित्तीय सहायता, आवास, कानूनी सहायता, मनोवैज्ञानिक सेवा और स्कूली शिक्षा की व्यवस्था आदि का इंतजाम किया जाएगा। इसके अलावा, संरक्षण या संरक्षकता विवाद से प्रभावित बच्चों के हितों की रक्षा के लिए, FCPSUs कोर्ट के आदेश के अनुसार, सामाजिक विवेचन रिपोर्ट तैयार करेंगे और उन बच्चों की देखभाल करेंगे जिन्हें देखभाल की जरूरत है।

The Family and Child Protective Services Units (FCPSUs) of SWD are specialised units manned by experienced social workers who render an array of services to victims, perpetrators and / or families of child maltreatment and spouse / cohabitant battering cases. Depending on the needs of the cases, social workers will provide outreaching, social investigation, crisis intervention, casework counselling and group treatment, etc. It also provides statutory supervision to children in accordance with court orders. When necessary, referrals will be made for financial assistance, housing, legal aid, psychological service and arrangement of schooling, etc. Besides, to safeguard the interest of children affected by custody or guardianship disputes, FCPSUs will, as ordered by the Court, prepare social investigation reports and supervise children who are in need of supervision.

## एकीकृत पारिवारिक सेवा केंद्र / Integrated Family Service Centres

SWD द्वारा या अनुदानित NGOs द्वारा संचालित, एकीकृत पारिवारिक सेवा केंद्र (IFSCs), समुदाय में व्यक्तियों और परिवारों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यापक, समग्र और एकल-स्थान सेवाएं प्रदान करता है। इसमें एक पारिवारिक संसाधन इकाई, एक पारिवारिक सहायता इकाई और एक पारिवारिक परामर्श इकाई शामिल है। सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान की जाती है जिसमें पारिवारिक जीवन शिक्षा, अभिभावक-बाल गतिविधियाँ, पूछताछ सेवा, स्वयंसेवक ट्रेनिंग, अग्रिम सेवा, पारस्परिक सहयोग समूह, जरूरतमंद व्यक्तियों और परिवारों के लिए परामर्श और संप्रेषण सेवा आदि विस्तारित घंटे की सेवाओं के साथ शामिल हैं।

Integrated Family Service Centres (IFSCs), operated by SWD or subvented NGOs, provide comprehensive, holistic and one-stop services to meet the multifarious needs of individuals and families in the community. It comprises a Family Resource Unit, a Family Support Unit and a Family Counselling Unit. An array of services are provided which include family life education, parent-child activities, enquiry service, volunteer training, outreaching service, mutual support groups, counselling and referral service for individuals and families in need, etc with extended hour services.

## सामाजिक चिकित्सा सेवाएं / Medical Social Services

घरेलू हिंसा के मामले सार्वजनिक अस्पतालों के सामाजिक चिकित्सा कार्यकर्ताओं की जागरूकता और कुछ विशेष बाह्य-रोगी क्लीनिकों में अस्पताल कर्मियों, पुलिस या अन्य संगठनों के माध्यम से, और मरीजों या उनके पारिवारिक सदस्यों द्वारा सीधे संपर्क से सामने आ सकते हैं। सामाजिक चिकित्सा कार्यकर्ता घरेलू हिंसा के पीड़ितों और उनके पारिवारिक सदस्यों की उनकी कल्याणकारी जरूरतों के आधार पर मदद करने के लिए परामर्श, असल सेवा और पुनर्वास सेवाओं और सामुदायिक संसाधनों इत्यादि के लिए रेफरल की व्यवस्था करेंगे।

Domestic violence cases may come to the attention of medical social workers in public hospitals and some specialist out-patient clinics through hospital personnel, police or other organisations, and through direct approach by patients or their family members. The medical social workers will provide counselling, tangible services and arrange referrals for rehabilitation services and community resources and so forth to help the victims of domestic violence and their family members based on their welfare needs.

## घरेलू हिंसा के पीड़ितों के लिए पीड़ित सहायता कार्यक्रम / Victim Support Programme for Victims of Family Violence

सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से, पो लेउंग कुक द्वारा संचालित त्सुई लाम केंद्र पूरे क्षेत्र में घरेलू हिंसा के पीड़ितों को सहायता सेवाएं प्रदान करता है। इसका उद्देश्य सामुदायिक सूचना से लेकर, भावनात्मक समर्थन और अनुरक्षण सेवाओं का पैकेज प्रदान करके उनके डर और बेबसी की भावना को कम करना है जब वे कानूनी कार्यवाही से गुजर रहे हों या जीवन में अचानक बदलावों का सामना कर रहे हों। सेवा संदर्भ के लिए जरूरतमंद व्यक्ति अपने सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क कर सकते हैं।

In collaboration with social workers, the Tsui Lam Centre operated by Po Leung Kuk provides support services to victims of domestic violence throughout the territories. It aims at reducing their feeling of fear and helplessness by providing a package of services ranging from community information, emotional support and escort service when they are undergoing legal proceedings or facing sudden changes in life. Needy persons can approach their social workers for service referral.

## नैदानिक मनोविज्ञान इकाई / Clinical Psychology Unit

यदि आप भावनात्मक रूप से अत्यधिक परेशान हैं, तो परिवार और बाल संरक्षण सेवा इकाइयों या एकीकृत पारिवारिक सेवा केंद्रों के सामाजिक कार्यकर्ता आपको नैदानिक मनोवैज्ञानिक सेवा लेने के लिए भेज सकते हैं। नैदानिक मनोवैज्ञानिक आपकी आवश्यकताओं के आधार पर व्यक्तिगत परामर्श या सामूहिक चिकित्सा प्रदान करेंगे।

If you are severely emotionally disturbed, the social workers of Family and Child Protective Services Units or the Integrated Family Service Centres can refer you to receiving clinical psychological service. The clinical psychologists will provide individual counseling or group therapy to you based on your needs.

## सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र इकाइयाँ / Social Security Field Units

व्यापक सामाजिक सुरक्षा सहायता योजना (CSSA) वित्तीय मुश्किलों का सामना कर रहे जरूरतमंद व्यक्ति को वित्तीय सहायता प्रदान कर सकती है। पात्र होने के लिए, एक आवेदक को कम से कम सात वर्ष के लिए हांगकांग का निवासी होना चाहिए और आय और सम्पत्ति दोनों के टेस्ट पास किये हुए होने चाहिए। विशेष परिस्थितियों में, एक CSSA आवेदक, जो निर्धारित निवास आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है, को समाज कल्याण के निदेशक के निर्णय पर सहायता प्रदान की जा सकती है, अगर आप CSSA के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो आप सामाजिक कार्यकर्ताओं से सन्दर्भ के लिए संपर्क कर सकते हैं या SWD सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र इकाई से संपर्क कर सकते हैं।

The Comprehensive Social Security Assistance (CSSA) Scheme can provide financial assistance to needy person facing financial difficulties. To be eligible, an applicant must have been a Hong Kong resident for at least seven years and must pass both the income and asset tests. In exceptional circumstances, assistance may be granted at the discretion of the Director of Social Welfare to a CSSA applicant who does not satisfy the prescribed residence requirements. If you want to apply for CSSA, you may approach your social workers for a referral or approach SWD's Social Security Field Units.

## कानूनी सहायता विभाग / Legal Aid Department

घरेलू हिंसा के पीड़ित लोग कानूनी सहायता सेवा के लिए कानूनी सहायता विभाग (LAD) से दीवानी कार्यवाहियाँ करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। आप हिंसा/ व्यवधानों को रोकने के लिए निषेधाज्ञा आदेश के लिए न्यायालय में आवेदन कर सकते हैं या यदि चाहें तो तलाक की पहल कर सकते हैं। कानूनी सहायता के पात्र होने के लिए, आपको साधन और योग्यता दोनों टेस्टों को पास करना होगा। निषेधाज्ञा आदेश के लिए कानूनी सहायता के तत्काल आवेदन के लिए, LAD साधन टेस्ट करवाने और बयान लेने के लिए जल्द से जल्द एक साक्षात्कार की व्यवस्था करेगा।

Victims of domestic violence may approach the Legal Aid Department (LAD) for legal aid service to institute civil proceedings. You may apply to the Court for an injunction order to stop violence / disturbances or initiate a divorce if so desired. To be eligible for legal aid, you have to satisfy both the means and merits tests. For urgent application of legal aid for an injunction order, LAD will arrange an interview as soon as possible for conducting the means test and taking of deposition.

## हांगकांग पुलिस फ़ोर्स / Hong Kong Police Force

घरेलू हिंसा की सभी शिकायतों और रिपोर्टों को हांगकांग पुलिस बल द्वारा संभाला और जाँचाजाएगा। सामान्य परिस्थितियों में, किसी भी पुलिस स्टेशन पर पुलिस की हॉटलाइन 2527 7177 पर फोन करके या सीधे किसी पुलिस अधिकारी को रिपोर्ट करके, रिपोर्टें बनाई जा सकती हैं। आपातकाल की स्थिति में, लोग सहायता पाने के लिए '999' डायल कर सकते हैं। पीड़ितों और मुखबिरों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

*अपराध अध्यादेश (नियम. 200) और व्यक्ति के विरुद्ध अपराधों के अध्यादेश (नियम. 212) के अनुसार, कोई भी व्यक्ति पति-पत्नी / जीवनसाथी सहित किसी भी व्यक्ति को किसी भी तरह की शारीरिक हानि पहुँचाने की धमकी देता है या धमकाता है, वहअपराध का दोषी होगा और कारावास का भागी होगा।*

All complaints and reports of domestic violence will be handled and investigated by the Hong Kong Police Force. Under normal circumstances, reports can be made by calling any police stations, through police hotline 2527 7177, or through direct report to any police officer. In case of emergency, the public may dial '999' to seek help. Information about the victims and the informants will be kept confidential.

*According to the Crimes Ordinance (Cap.200) and the Offences Against the Person Ordinance (Cap. 212), any person who causes or threatens to cause any grievous bodily harm to any person including spouse / cohabitant, shall be guilty of an offence and shall be liable to imprisonment.*

सहायता सेवाएं • Support Services

# अस्अस्थायी आवास सेवाएं / Accommodation Services

## बहुउद्देश्यीय संकट हस्तक्षेप और सहायता केंद्र (CEASE संकट केंद्र) / Multi-purpose Crisis Intervention and Support Centre (CEASE Crisis Centre)

CEASE तुंग वाह ग्रुप ऑफ़ हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित संकट केंद्र, यौन हिंसा के वयस्क पीड़ितों और घरेलू हिंसा का सामना कर रहे या संकटग्रस्त व्यक्तियों/परिवारों (बिना लिंग मत-भेद के) को व्यापक सहायता सेवाएं प्रदान करता है। प्रदान की जाने वाली सेवाओं में 24-घंटे की हॉटलाइन, संकट हस्तक्षेप/यौन हिंसा के वयस्कों और बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के पीड़ितों के लिए तत्काल आउटरीचिंग सेवा, अन्य आवश्यक सेवाएंऔर उन पीड़ितों के लिए या उन संकटग्रस्त व्यक्ति/परिवारों के लिए, जिनके लिए अस्थायी रूप से घर लौटना उचित नहीं है, अल्पकालिक आवास की अनुशंसा शामिल है।

The CEASE Crisis Centre operated by the Tung Wah Group of Hospitals, provides comprehensive support services to adult victims of sexual violence and individuals / families (regardless of genders) facing domestic violence or in crisis. Services provided include a 24-hour hotline, crisis intervention / immediate outreaching service for adult victims of sexual violence and elder abuse, referrals to other necessary services and short-term accommodation for those victims who are temporarily not suitable to return home or those individuals / families in crisis.

## पारिवारिक संकट सहायता केंद्र / Family Crisis Support Centre

कैरीट्स-हांगकांग द्वारा संचालित पारिवारिक संकट सहायता केंद्र (FCSC) का उद्देश्य संकट या परेशानी में व्यक्तियों या परिवारों की सहायता के लिए एकीकृत और आसानी से सुलभ सेवाओं का एक पैकेज प्रदान करके प्रारंभिक अवस्था में पारिवारिक संकट से निपटना है। प्रदान की गई सेवाओं में 24-घंटे की हॉटलाइन सेवा, रात भर के लिए आवास, अस्थायी आश्रय और अन्य सहायता सेवाओं के साथ अल्पकालिक आपातकालीन हस्तक्षेप शामिल हैं। FCSC आपकी सीधी पहुँचया सामाजिक सेवा संगठनों के संदर्भ को स्वीकार करता है।

The Family Crisis Support Centre (FCSC) operated by the Caritas-Hong Kong, aims at tackling family crisis at an early stage by providing a package of integrated and easily accessible services to assist individuals or families in crisis or distress. Services provided include a 24-hour hotline service, short-term emergency intervention with overnight accommodation, temporary retreat and other support services. FCSC accepts your direct application or referral made by social service organisations.

## एकल व्यक्तियों के लिए अस्थायी आश्रय / शहरी होस्टल / Temporary Shelter / Urban Hostel for Single Persons

यदि अस्थायी आवास की आवश्यकता है, तो आप सामाजिक कार्यकर्ताओं के संदर्भ के जरियेएकल व्यक्तियों के लिए अस्थायी आश्रय या शहरी छात्रावास के लिए आवेदन कर सकते हैं। शहरी छात्रावास एकल व्यक्तियों के लिए अल्पकालिक आवास और जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए परामर्श प्रदान करता है ताकि उन्हें वैकल्पिक दीर्घकालिक आवास खोजने में मदद मिल सके।

If temporary accommodation is required, you may apply for temporary shelter or urban hostel for single persons through referral of social workers. Urban hostel for single persons provides short-term accommodation and counseling for needy persons so as to help them find alternative long-term accommodation.

## भावनात्मक पुनर्वास / Compassionate Rehousing

भावनात्मक पुनर्वास आवास सहायता का एक रूप है, जिसका उद्देश्य ऐसे व्यक्तियों और परिवारों को सहायता प्रदान करना है, जिनके पास वास्तविक और निकटस्थ दीर्घकालिक आवास आवश्यकताएं हैं लेकिन, विशिष्ट परिस्थितियों में उनकी सामाजिक और चिकित्सा आवश्यकताओं (यदि लागू हो) के कारण, उनकी आवासीय समस्याओं को हल करने के लिए कोई मुमकिन साधन नहीं है। योग्य मामलों को सशर्त किरायेदारों के रूप में सार्वजनिक किराये की आवास इकाइयों में अस्थायी आवास प्राप्त होगा, जब वे उनके तलाक के आवेदन पर अदालत के फैसले का इंतजार कर रहे हों। परिवादी को आय और सम्पत्ति दोनों टेस्ट पास करने होंगे। सेवा की आवश्यकता वाले लोग पूछताछ के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं से संपर्क कर सकते हैं।

Compassionate Rehousing is a form of housing assistance, which aims at providing assistance to individuals and families who have genuine and imminent long-term housing needs but, owing to their social and medical needs (if applicable) under specific circumstances, have no other feasible means to solve their housing problems. Eligible cases will receive temporary accommodation in public rental housing units in the form of conditional tenancy, while awaiting the court decision on their divorce applications. The client must pass both the income and asset tests. People in need of the service may approach the social workers for enquiries.



अस्अस्थायी आवास सेवाएं • Accommodation Services